हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

कार्यसूची

ग्यारहवां सत्र

बुधवार, 18 मार्च, 2026/27 फाल्गुन, 1947(शक्)

11:00 बजे (पूर्वाह्न)

1. प्रश्नोत्तर:

(1) तारांकित :

(i) स्थगित
(ii) दिन के लिए

पृथक सूचियों में मुद्रित प्रश्न पूछे जाएंगे तथा उनके उत्तर दिए जाएंगे ।

(2) अतारांकित :

(i) स्थगित
(ii) दिन के लिए

पृथक सूचियों में मुद्रित प्रश्नों के उत्तर सभा पटल पर रखे जाएंगे।

2. साप्ताहिक शासकीय कार्यसूची बारे वक्तव्य:

श्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू, मुख्य मन्त्री, वर्तमान सप्ताह की शासकीय कार्यसूची बारे वक्तव्य देंगे।

3. स्वीकृत विधेयक सभा पटल पर रखे जाएंगे:

सचिव, विधान सभा, निम्न विधेयकों की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखेंगे, जिसे सदन द्वारा पारित किए जाने के उपरान्त महामहिम राज्यपाल महोदय की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है:-

(1) हिमाचल प्रदेश नगर निगम (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2025 (2026 का अधिनियम संख्यांक 4);

(2) अटल आयुर्विज्ञान और अनुसंधान विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश (संशोधन) विधेयक, 2024 (2026 का अधिनियम संख्यांक 5);

(3) हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारियों की भर्ती और सेवा की शर्तें (संशोधन) विधेयक, 2025 (2026 का अधिनियम संख्यांक 6); और

(4) हिमाचल प्रदेश नगरपालिका (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2025 (2026 का अधिनियम संख्यांक 7)।

4. **माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव-प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा :**

श्री सुरेश कुमार, निम्न प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे:

कि राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर निम्न शब्दों में उनकी सेवा में धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया जाए:-

"इस सदन में एकत्रित सदस्य, राज्यपाल महोदय का दिनांक 16 फरवरी, 2026 को उन्हें सम्बोधित करने के लिए हृदय से आभार प्रकट करते हैं ।"

श्री कुलदीप सिंह राठौर, प्रस्ताव का अनुसमर्थन करेंगे।

शिमला-171004 (यशपाल शर्मा)
दिनांक: 17 मार्च, 2026 सचिव।

*****

(अनुपूरक कार्यसूची, यदि कोई हो, की भी जांच कर लें)